# तहसीलदार ने महिला मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के प्रयासों के बारे में बताया

**बीकानेर,** (कासं)। मतदाता जागरूकता के लिए पंचायत समिति वार बैठकों की श्रृंखला में बुधवार को खाजूवाला में बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी सोहन लाल ने सरकारी विभागों के ब्लॉक अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वीप गतिविधियों के तहत अधिक से अधिक कार्यक्रम करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को

■ **कम मतदान प्रतिशत वाले केन्द्रों को चिन्हित कर उन क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए**

मतदान समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के दौरान आदर्श आचार संहिता की पालना और ग्राम विकास अधिकारियों को अपनी ग्राम पंचायत के बूथों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में पीने का पानी और बैठने की व्यवस्था होनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर उन क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए।

उपखंड अधिकारी ने उपखंड स्तर पर अब तक आयोजित गतिविधियों के बारे में बताया। तहसीलदार ने महिला मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हेतु पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। विकास अधिकारी द्वारा मतदाता पहचान कार्ड के अलावा 12 अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्रों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सी-विजिल ऐप, टोल फ्री नंबर 1950 पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी देने की प्रक्रिया सबके साथ साझा की गई। वोटर हेल्प ऐप के माध्यम से मतदान से जुड़ी जानकारी दी गई।

पंचायत समिति परिसर में आकर्षक रंगोलिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता से जुड़े संदेश उकेरे गए। हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम लोगों ने अपने विचार लिखे। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने वोटर हेल्पलाइन और सी विजिल ऐप भी अपने मोबाइल में डाउनलोड किए। बैठक में ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारी और ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

**मतदान की रंगोली सजाई :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस कॉलेज विद्यार्थियों के लिए निर्वाचन से जुड़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कार दिए। छात्राओं ने मतदान की रंगोली सजाई। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार ने दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए की गई होम वोटिंग सुविधा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर भी दिव्यांग मतदाताओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य ने स्वीप गतिविधियों के बारे में बताया और कहा कि प्रत्येक युवा मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें। कॉलेज प्राचार्य डॉ. के. के. सुथार ने मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी जरूरी है। स्वीप प्रकोष्ठ के गोपाल जोशी ने विभिन्न मोबाइल ऐप्स के बारे में बताया। एएलएमटी और ईएलसी प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र राठी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान से जुड़ी जानकारी दी। समाज कल्याण अधिकारी नंद किशोर राजपुरोहित, स्वीप समन्वयक डॉ. वाई. बी. माथुर, डॉ. बाबूलाल, डॉ. मीनाक्षी सहित महाविद्यालय स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

खाजूवाला में स्वीप गतिविधियों में मतदान को लेकर हस्ताक्षर किए।

पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं ने मतदान की रंगोली सजाई।

## अमृतसर-जामनगर हाईवे से जोड़ने की मांग

**हनुमानगढ़,** (कासं)। फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने भारतमाला अमृतसर-जामनगर हाइवे को जिला मुख्यालय से जोड़ने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को सीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अध्यक्ष संतराम जिंदल ने बताया कि व्यापारिक दृष्टिकोण, कृषि व्यापार, शिक्षा, धार्मिक व सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मेगा हाईवे से भारत माला को जोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक है। हनुमानगढ़ शहर अपना सामरिक महत्व के अतिरिक्त व्यापारिक महत्व भी रखता है। कोहला से भारतमाला अमृतसर-जामनगर हाईवे निकलता है। कोहला में भारतमाला का पाइंट बनाया जाना चाहिए ताकि जिला मुख्यालय के लोगों को इसका सीधा फायदा मिल सके। नहीं तो लोगों को इस हाईवे पर आवाजाही के लिए 40 किमी. आगे या पीछे की तरफ जाना होगा जो कि एक बड़ी समस्या है। जयपुर मार्ग पर स्थित कोहला में रीको पूर्व में प्रस्तावित है। वहीं यहां पर वर्तमान में पीओपी के अलावा कई फैक्ट्रियां संचालित है।

हनुमानगढ़ में आये दिन सड़क हादसे होते रहे हैं। इनमें हैड इंजरी होने पर मरीजों को हायर सेंटर बीकानेर रेफर किया जाता है। अभी सूरतगढ़ या पल्लू होकर जाने से बीकानेर पहुंचने में करीब साढ़े चार घंटे का समय लगता है। ऐसे में अगर भारत माला से हनुमानगढ़ शहर को जोड़ दिया तो गंभीर मरीजों की जान बचाई जा सकती है। क्योंकि इस रोड से बीकानेर पहुंचने में करीब दो घंटे का समय लगेगा। ऐसे में यह रोड गंभीर मरीजों के लिए लाइफ लाइन साबित हो सकेगी।

## सार-समाचार

### अनुपस्थित 9 कार्मिकों को नोटिस

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने स्वास्थ्य भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बुधवार को स्वास्थ्य भवन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपस्थिति रजिस्टरों की जांच की और बिना सूचना के कार्मिक अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी जताई। बिना सूचना अनुपस्थित पाये गए 9 कार्मिकों के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि संबंधित कार्मिकों से अगले तीन दिन में स्पष्टीकरण लिया जाए। सिंघवी ने कहा कि सभी अधिकारी व कार्मिक कार्यालय समय में अपने स्थान पर उपस्थित रहें। संभागीय आयुक्त ने कार्यालय में साफ-सफाई, रंग रोगन, मरम्मत, पत्रावलियों का व्यवस्थीकरण आदि का जायजा लिया। अलमारियां खुलवाकर निरीक्षण करते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि सभी पत्रावलियां व्यवस्थित रहें। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई रहे। अनुपयोगी सामान का निस्तारण किया जाए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी और कार्मिक समय पर कार्यालय उपस्थित हों तथा कार्मिक सौंपे गए कार्य समयबद्ध रूप से पूरे करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं रिकॉर्ड्स देखें और अधीनस्थ से समयबद्ध रिपोर्ट लें। पीने के पानी के स्थान पर गंदगी पाये जाने पर संभागीय आयुक्त ने नाराजगी जताई। इस स्थान पर साफ-सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय का प्रवेश द्वार, टूट-फूट ठीक करवाने और रंगाई-पुताई करवाने को भी कहा।

### गणगौर का उत्सव मनाया

नोखा में महिलाओं ने पारम्पारिक गीतों के साथ गणगौर का उत्सव धूमधाम से मनाया।

**नोखा,** (कासं)। कस्बे में गणगौर त्योहार की धूम चारों ओर नजर आ रही है। लड़कियों व महिलाओं में इस त्योहार को लेकर विशेष उत्साह रहता है। इसी क्रम सुजानगढ़ रोड़ पर स्थित किशनगोपाल, रमेश कुमार राठी के घर पर गणगौर उत्सव मनाया गया। जिसमें मंगल गीतों के साथ गवर को पानी पिलाने की रस्म अदा की गई। बनोले में आरती राठी, चंदा राठी, सरला राठी, प्रीति राठी, गुंजन राठी, निकिता, सीमा ,प्रिया ओझा, सुरभि,टीना रांकावत, सरिता डागा, ज्योति, रिमझिम,निकिता राठी,हेमा दम्माणी, मंजू डागा, राजश्री तोषनीवाल, कविता तोषनीवाल, सविता लाहोटी, कंचन तोषनीवाल,ज्योति शेखावत सहित महिलाओं ने मंगल गीत गाये।

### ईद-उल-फितर पर सफाई की मांग

ईद-उल-फितर के मौके पर ईदगाह कमेटी अध्यक्ष हाफिज फरमान अली ने कलेक्टर नम्रता वृष्णि को ज्ञापन सौंपा।

**बीकानेर,** (कासं)। शहर काजी शाहनवाज एवं ईदगाह कमेटी अध्यक्ष हाफिज फरमान अली ने ईद-उल-फितर के त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर एवं आईजी बीकानेर से मुलाकात कर बताया कि मुस्लिम समाज के लोग अपनी धार्मिक आस्था के अनुरूप तीस दिन के रोज़े व इबादत के बाद बीकानेर में बड़ी ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज अदा करने आते हैं। जिला प्रशासन इस अवसर पर प्रतिवर्ष सहयोग करता आया है। आने वाली ईद-उल-फितर (संभावित 11अप्रैल को चांद दिखाई देने पर) ईदगाह कमेटी प्रवक्ता एन. डी. कादरी ने बताया कि ईद-उल-फितर के मौके पर बड़ी ईदगाह के आसपास साफ-सफाई, विधुत व्यवस्था सहित नमाजियों के लिए मेटिंग, पीने के पानी सहित सुरक्षा व्यवस्था करवाने का अनुरोध किया। ईद-उल-फितर के मौके पर बीकानेरी गंगा जमुनी तहजीब को ध्यान में रखते हुए शहर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए बातचीत हुई। जिला कलेक्टर एवं आईजी बीकानेर द्वारा आश्वासन दिया कि बीकानेरी तहजीब को ध्यान में रखा जायेगा व तमाम व्यवस्था समय पूर्व करवा दी जायेगी।

# शंकर पन्नू, संधू, कंचन नायक ने भाजपा का दामन थामा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर इलाके के कई कांग्रेसी और आम आदमी पार्टी से जुड़े नेताओं ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की सदस्यता ली। जयपुर में करीब डेढ़ सौ लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया।

वहीं अनूपगढ़ की पूर्व विधायक शिमला बावरी और संगरिया की गुलाब सिंवर की घर वापसी हो गई है। बावरी ने अनूपगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ा था और वहीं संगरिया में सिंवर भी टिकट नहीं मिलने पर नाराज होकर बागी उम्मीदवार के रूप में ताल ठोकी थी।

ये दोनों महिलाएं अपने- अपने क्षेत्र में चुनाव हार गई थी। बुधवार को वापस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। रायसिंहनगर की युवा कांग्रेस नेत्री कंचन नायक भी भाजपा में शामिल हो गई।

इस बीच सबसे ज्यादा चर्चित

■ **गुलाब सिंवर और शिमला बावरी की घर वापसी**

चेहरा पूर्व सांसद शंकर पन्नू हैं। पन्नू वर्ष 1995 में जिला प्रमुख बने थे। इसके बाद वे 1998 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट लेकर सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 2003 में हनुमानगढ़ जिले की टिब्बी विधानसभा की सुरक्षित सीट से वर्ष 2003 में विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ा लेकिन हार का मुंह देखना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस हाईकमान की मेहरबानी रही और वर्ष 2014 में बीकानेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा लेकिन वहां भी हार से पीछा नहीं छूटा तो वर्ष 2022 में जिला परिषद डायरेक्टर निर्वाचित हुए। फिर से जिला प्रमुख बनने की दौड़ में सबसे आगे थे लेकिन कांग्रेस ने यू टर्न करते हुए जिला प्रमुख की टिकट कुलदीप इंदौरा को दे दी।

पन्नू फिलहाल जिला परिषद डायरेक्टर है। इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दावेदार थे लेकिन उनके वयोवृद्ध की बात कहकर टिकट नहीं दी। इससे खिन्न होकर पन्नू ने भाजपा में जाने का निर्णय किया। इधर श्रीकरणपुर विधानसभा की राजनीति में लम्बे समय से कांग्रेस और पिछले साल आम आदमी पार्टी का दामन थामन करने वाले पृथीपाल सिंह संधू भी अब भाजपाई बन गए है।

विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा में आने का मानस भी बनाया था लेकिन पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी के समर्थकों ने संधू की एंट्री नहीं होने दी। करणपुर उपचुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त मिली थी। तब से संधू भाजपाईयों के संपर्क में थे।

## संत केदारनाथ का निर्वाण दिवस मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। श्री नवलेश्वर मठ विवेकनाथ की बगीची व 32 धूणों के मानधारी योगी शिवसत्यनाथ महाराज के दिशा-निर्देशन में तथा संत योगी विलासनाथ महाराज के नेतृत्व में लाल गुफा क्षेत्र में काली माता मंदिर परिसर, केदारनाथ आश्रम में स्थित संत केदारनाथ का निर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया।

मंदिर व आश्रम के महंत योगी ओमनाथ ने बताया कि अभिषेक, पूजन-अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र व बाहर के ग्रामीण क्षेत्र से आये साधु-संतों, श्रद्धालुओं ने विशाल भण्डारे में महाप्रसादी ग्रहण की। संत ओमनाथ ने सभी साधु-संतों व ब्राह्मणों का अभिनंदन किया। योगी विलासनाथ ने श्रद्धालुओं को बताया कि संत केदारनाथ भयंकर रोग को आशीष देकर चंद मिनटों में रोग को मिटा देते थे।

# अधिक शराब पीने से मौत, दूसरे ने फांसी लगाई

**बीकानेर,** (कासं)। एक बार फिर मौत का कारण नशा सामने आया है। एक जना रात को शराब पीकर गहरी नींद में ऐसा सोया कि फिर उठा नहीं पाया। उसकी मौत हो गई।

सवेरा होने पर जब परिजन जगाने गए तो इसका पता चला। दरअसल इस आशय की मर्ग रिपोर्ट मृतक के पिता शेरुणा निवासी रामेश्वर लाल ने शेरूणा पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक उसका 27 वर्षीय बेटा रात को शराब पीकर सोया था। सवेरे जब उसको उठाने के लिए गए तो वह नहीं उठा। उसकी मौत हो गई।

दूसरी ओर छतरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में एक 76 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। इस आशय की मर्ग रिपोर्ट मृतक के पुत्र छतरगढ़ वार्ड चार निवासी मुनीराम ने थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता सोहनलाल मानसिक रूप से बीमार थे। एक अप्रैल

■ **छतरगढ़ में एक बुजुर्ग आदमी ने फांसी लगाकर जान दी**

की शाम को उन्होंने चक 06 सीएचडी स्थित अपने खेत में एक पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**जुर्माना वसूला :** खान एवं खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ ओवरलोड और अवैध रूप से ले जाई जा रही सिलिका सैंड की 23 गाड़ियों को पकड़ा है। इनमें से 16 गाड़ियों से 26.15 लाख रूपए जुर्माना वसूला गया है। जिले में क्ले, बजरी व सिलिका सैंड की रॉयल्टी वसूली का ठेका 31 मार्च को समाप्त हो चुका है। नाके के नहीं होने के कारण माफिया गिरोह के लोग सक्रिय हो गए हैं।

# बीकाणा में बूंदाबांदी, बादल छाए

**बीकानेर,** (कासं)। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट का असर बुधवार को बीकानेर में देखने को मिला। आसमां से बूंदाबांदी गिरी तथा बादलवाही की वजह से मौसम खुशगवार हो गया।

बता दें कि मौसम विभाग ने बीकानेर समेत बीकानेर संभाग के लिए अलर्ट जारी किया है। इसी अलर्ट के चलते बुधवार सवेरे से बीकाणा के आसमां में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। सवेरे नौ बजे के आसपास बीकानेर में आसमां से अमृत रूपी बूंदें गिरी। हालांकि ऐसा दौर कुछ पल के लिए ही था, किंतु एकबारगी मौसम खुशनुमा कर दिया।

जारी अलर्ट के चलते आसमां में छाए बादलों की वजह से धूप छांव का

■ **मौसम विभाग ने बीकानेर समेत पूरे संभाग के लिए अलर्ट जारी किया**

खेल चल रहा है। रह-रहकर चल रही शीतल हवा मन और तन दोनों को सुकून दे रही है। पिछले दो-तीन दिन से रात के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। जिसकी वजह से पंखें की हवा भी नहीं सुहा पा रही है।

बुधवार को बीकाणा का अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही शीतल हवा लोगों को खूब भा रही है।

## डॉ.गुंजन सोनी ओपीडी समय तक देखेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी के आदेश पर सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने बुधवार को एक आदेश जारी किया है। जिसके तहत न्यूरो सर्जरी विभाग द्वारा सप्ताह में तीन दिवस सोमवार, बुधवार तथा शुक्रवार को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक डॉक्टर्स मरीजों को देखेंगे।

प्राचार्य कॉर्डिनेटर डॉ. गौतम लुणिया ने बताया कि मरीजों के बढ़ते भार ओर चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार को मध्यनजर रखते हुए प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने इस संबंध में एसएबी अधीक्षक को न्यूरो सर्जरी विभाग की सेवाएं ओपीडी समय तक जारी रखने का निर्णय लिया है।

# 17 चचेरे भाई-बहनों ने एक साथ रचाई शादी, हर तरफ चर्चे

**बीकानेर,**(कासं)। सामूहिक विवाह में कई जोड़ों को एक साथ परिणय सूत्र में बंधते तो देखते रहते हैं, लेकिन संयुक्त परिवार में 17 चचेरे भाई-बहनों की एक साथ शादी का नजारा सचमुच अद्भुत रहा। नोखा क्षेत्र में ऐसा ही अनोखा दृश्य देखने को मिला। लालमदेसर छोटा में 12 दुल्हे बारात लेकर पहुंचे तो उनकी खातिरदारी में पूरा गांव जुट गया। इससे पहले मध्य रात्रि पांच चचेरे भाई परिणय सूत्र में बंधे थे।

असल में गांव के सुरजाराम गोदारा ने संयुक्त परिवार में किफायत की एक मिसाल कायम करने के लिए अपने 17 पोते-पोतियों का एक साथ विवाह रखा। इसके लिए शादी का निमंत्रण कार्ड भी

■ **नोखा के लालमदेसर छोटा में 12 दुल्हे बारात लेकर पहुंचे तो उनकी खातिरदारी में पूरा गांव जुट गया**

एक ही छपाया गया। जिसमें पांच पौत्रों को आयुष्मान और 12 पौत्रियों को आयुष्मती के रूप में लिखाया गया। पांचों दुल्हों की एक ही समय में बारात रवानगी की गई।

पोतियों को ब्याहने आने वाले बारातियों के स्वागत कार्यक्रम भी एक ही समय दर्ज किया गया। मंगलवार रात को एक-एक कर 12 बारातें गांव में पहुंचीं। सुरजाराम के घर शादी का बड़ा शामियाना लगाया गया। बारातों को रात में रोकने की व्यवस्था गांव में अलग-अलग जगह की गई।

आज जहां भाई-भाई की नहीं बनती, वहीं सुरजाराम गोदारा के पांच बेटे ओमप्रकाश, गोविन्द गोदारा, मानाराम, भागीरथ व भैराराम गोदारा आज भी संयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं। इन पांचों की 17 संतान हैं। इनमें पांच लड़के और 12 लड़कियां हैं। सभी के बालिग होने पर परिवार ने अलग-अलग शादी के खर्च की जगह सामूहिक शादी कर विवाहों पर होने वाले खर्च को कम करने का संदेश दिया।

# पीबीएम अस्पताल में नकारा ट्रॉलियां, व्हील चेयर, पलंग, कुर्सियों की कायापलट

**बीकानेर,** (कासं)। खत्री मोदी समाज और अमर प्रताप डवलपर्स के कार्यकर्ताओं के सहयोग से पीबीएम अस्पताल की 400 से अधिक नकारा पड़ी ट्रॉलियों, पलंगों, व्हील चेयर, कुर्सियों आदि की मरम्मत का अभियान सफलता की ओर अग्रसर है।

कार्यकर्ताओं के अनुसार अब पीबीएम अस्पताल की केज्युल्टी, ट्रोमा सेंटर, ओ टी ब्लॉक और वार्डों में ट्रॉलियों, व्हील चेयर की कमी नहीं रहेगी। ट्रोमा सेंटर के सीएमओ डॉ एल. के. कपिल ने बताया कि सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. पी. के. सैनी, ट्रोमा सेंटर निदेशक डॉ बी.एल. खजोटिया की प्रेरणा से संस्था के भामाशाह प्रेरक श्योदान सिंह, दिनेश मोदी, अशोक मोदी की देखरेख में गत 21 फरवरी से ट्रॉलियों की मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिसमें मिस्त्री अब्दुल हमीद और आबिद अली सेवाएं दे रहे हैं। इन ट्रॉलियों, कुर्सियों, टेबलों पर मोहम्मद रफीक उस्ता की टीम रंग रोगन कर रही है।

सीएमओ डॉ एल. के. कपिल ने बताया कि इस सेवा अभियान में पीबीएम अस्पताल की विभिन्न वार्डों की 123 ट्रॉलियों, 70 पलंगों, 32 ड्रेसिंग ट्रॉलियों, 7 रोगी परीक्षण कोच,

■ **अब पीबीएम अस्पताल की केज्युल्टी, ट्रोमा सेंटर, ओ. टी. ब्लॉक और वार्डों में ट्रॉलियों, व्हील चेयर की कमी नहीं रहेगी**

12 व्हील चेयर्स, 36 साइड लॉकर्स, 30 कुर्सियों, 30 आई वी स्टैंड, 3 डॉक्टर टेबल आदि की मरम्मत का कार्य किया गया। जिनमें पीबीएम आपातकालीन इकाई, ट्रोमा सेंटर, मेडिसन आईसीयू,सर्जिकल हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल, ऑपरेशन थियेटर, भीतरी वार्डों आदि में निरीक्षण कर ट्रॉलियों की मरम्मत का कार्य चल रहा है।

भामाशाह प्रेरक श्योदान सिंह, दिनेश मोदी, अशोक मोदी की देखरेख में पीबीएम अस्पताल में नकारा ट्रॉलियां, व्हील चेयर, पलंग, कुर्सियों की मरम्मत कराई।

# नोखा के गांवों में नुक्कड़ सभा कर गोविन्द मेघवाल ने वोट मांगे

**बीकानेर,**(कासं)। नोखा विधायक सुशीला डूडी व बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल ने बुधवार को नोखा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का जनसम्पर्क कर नुक्कड सभाएं की।

इनमें जेगला, जांगलू, पिंथरासर, जयसिंहदेसर मगरा, बंधाला, मुंजासर, धरनोक, साईसर, कुम्भासरिया, ढीगसरी, पांचू, भादला, सरूण्डा, कक्कू, स्वरूपदेसर, केड़ली, बन्धड़ा, सिलवा, दावा,चरकड़ा तथा कंवलीसर में तूफानी जनसंपर्क किया। इस मौके पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं में बोलते हुए मेघवाल ने कहा कि बीकानेर संसदीय क्षेत्र में सड़कें, रेल और मूलभूत सुविधाओं को सुचारू करना मेरा लक्ष्य होगा। आपके सहयोग और आशीर्वाद से पिछले 15 साल से पिछड़े बीकानेर को बेहतर बनायेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि आपके द्वारा पहनाई गई ये पगड़ी के स्वाभिमान की लाज देश के उच्च सदन में मजबूती से रखूंगा। गांव-ढाणी के अंतिम पंक्ति के हितों की आवाज को बुलंद करूंगा। मेघवाल ने कहा कि आपका मत बीकानेर का भविष्य तय करेगा। आपका हर वोट बदलाव का हर एक हस्ताक्षर साबित होगा। इस अवसर पर विधायक सुशीला डूडी ने कहा कि पिछले 15 सालों से संसद में बीकानेर का प्रतिनिधित्व करने वालों ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। हर चुनाव में महज वादे करते और जब उनको निभाने का समय आता। तो क्षेत्र से नदारद रहते। केवल मोदी के नाम पर चुनाव जीतने वाले भाजपा प्रत्याशी को इस बार अपनी ताकत दिखाने का वक्त आ गया है।

नोखा विधायक सुशीला डूडी ने कांग्रेस प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल के समर्थन में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।